सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून/नई दिल्ली 18 जनवरी, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गुरुवार को नई दिल्ली में माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्यपाल ने माननीय राष्ट्रपति के हाल में उत्तराखंड भ्रमण की स्मृतियों पर आधारित कॉफी टेबल बुक और स्वयं की पुस्तक 'आत्मा के स्वर' भेंट की।

इस अवसर पर राज्यपाल ने माननीय राष्ट्रपति को राजभवन नैनीताल की स्थापना के 125 वर्ष पूरे होने के अवसर पर अप्रैल में आयोजित होने वाले कार्यक्रम हेतु बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया।

............0............